RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 18 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 86 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नांदेड़ जिले में स्कूल में घुसा भालू, वीडियो वायरल



**औरंगाबाद :** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक जिला परिषद विद्यालय में एक भालू के घुसने का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि किनवत तहसील के तेंदा गांव में रविवार को एक भालू विद्यालय में घुस गया। छुट्टी का दिन होने के कारण विद्यालय में छात्र एवं अध्यापक मौजूद नहीं थे, जिससे मानव और वन्यजीव के बीच संघर्ष की स्थिति पैदा नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''विद्यालय जंगल के निकट है जहां वन्यजीव रहते हैं। हमारा मानना है कि कुछ समय बाद भालू जंगल में लौट गया होगा।'' वीडियो में, विद्यालय के प्रांगण में भालू को दौड़ते हुए देखा जा सकता है।

## 'अनियमितताओं' की जांच: मुंबई पुलिस की एसआईटी ने किया BMC मुख्यालय का दौरा...

मुंबई : मुंबई पुलिस बृहन्मुंबई नगर निगम के पूर्व में किए गए विभिन्न कार्यों में 12,02 करोड़ रुपये की कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को बीएमसी मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और दस्तावेजों की जांच की। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने इन अनियमितताओं को उजागर किया था, जिसके बाद एसआईटी का गठन किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि एसआईटी के अधिकारी नगर निकाय द्वारा दी गई निविदाओं से संबंधित दस्तावेज एकत्र करने की प्रक्रिया में हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा पिछले महीने मंजूरी दिए जाने के बाद एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी का नेतृत्व मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर कर रहे हैं। इसमें संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त और अन्य अधिकारी भी शामिल हैं।




नगर निगम ने नवंबर 2019 से जून 2022 तक कई काम किए थे, इस अवधि में कोविड-19 महामारी भी शामिल थी, जब

### दस्तावेजों की छानबीन की

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी। मुंबई से भाजपा विधायक अमित साटम ने कैग की ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद कोविड-19 से संबंधित विभिन्न कार्यों में अनियमितताओं का दावा करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे को पत्र लिखा था।

## मानसून संबंधी समस्याओं के बावजूद महाराष्ट्र सरकार को किसानों की चिंता नहीं: प्रकाश आंबेडकर



**पुणे :** वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने सोमवार को कहा कि मानसून में देरी के कारण बुवाई में आ रही समस्याओं के चलते कृषि क्षेत्र संकट में है, इसके बावजूद महाराष्ट्र सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया लेकिन, वहां किसानों के मुद्दों को लेकर कोई चर्चा नहीं की गयी। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि क्या राज्य सरकार दोबारा बुवाई के मुद्दे के बारे में जानती है और क्या वह किसानों को मदद की पेशकश कर रही है। अजित पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की रविवार को मुंबई में पार्टी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर वीबीए प्रमुख ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि अजित पवार को यह दिवाली अकेले ही मनानी होगी, लेकिन अगले साल वे एक परिवार के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

## महाराष्ट्र में क्या फिर पक रही चाचा - भतीजा के बीच खिचड़ी ?

महाराष्ट्र : अजित पवार और शरद पवार की ताजा दो मुलाकातों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाओं का बाजार फिर से गर्म हो गया है। चर्चा इस बात की है कि क्या चाचा और भतीजे के बीच फिर कोई खिचड़ी पक रही है। रविवार को दोनों की मुलाकात के बाद सोमवार को फिर दुबारा वे मिले हैं।



अजीत पवार सोमावार को अपने साथ महाराष्ट्र कैबिनेट में शपथ लेने वाले 8 मंत्रियों के साथ शरद पवार से मिलने पहुंचे थे। लगातार दो दिनों तक दोनों की इस मुलाकात के कई मतलब निकाले जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक मंत्रियों ने शरद पवार से माफी मांगी है, लेकिन शरद पवार इस दौरान पूरी तरह से शांत रहे। इस कथित माफी का कोई कारण सामने नहीं आया है। शरद पवार गुट के एक करीबी नेता ने बताया कि अब सभी सर्वे में सामने आ रहा कि महाराष्ट्र की जनता का समर्थन शरद पवार के साथ है, इससे वे डर गए हैं। अजीत पवार गुट के बागी लोगों के बीच कन्फ्यूजन की स्थिति बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शरद पवार साहब का यह बड़प्पन है कि पार्टी से बगावत करने वालों से भी मिलने के लिए वे तैयार हुए। शरद पवार ने इस मुलाकात में कुछ नहीं कहा। इस मुलाकात को लेकर शरद पवार की ओर से अभी तक आधिकरिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। यह मुलाकात इस लिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि 17 जुलाई से ही महाराष्ट्र विधानसभा का मॉनसून सत्र आरंभ हो चुका है।

### शरद पवार का आशीर्वाद लेने आए थे

**इससे पहले रविवार की दोपहर अजीत पवार एनसीपी के सभी नवनियुक्त मंत्रियों के साथ एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मिलने के लिए वाई बी चव्हाण केंद्र पहुंचे। बैठक के बारे में बात करते हुए, अजीत पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा था कि वे ''शरद पवार का आशीर्वाद लेने आए थे।'' पटेल ने कहा कि वे लोग खुद से और ''उनसे (शरद पवार से) अनुमति मांगे बिना आए थे। हमने शरद पवार से पार्टी को एकजुट रखने और निकट भविष्य में हमारा मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। इस पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने चुपचाप हम सब की बात सुनी।**

## 21 जुलाई तक महाराष्ट्र और हिमाचल में काले बादल

**मुंबई :** मानसून की मूसलाधार बारिश देशभर में अपना कहर बरसा रही है। जगह-जगह हालत बिगड़े नजर आ रहे हैं। दिल्ली में बाढ़ की स्थिति देखने को मिल रही है। ऐसे में मौसम विभाग ने महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के लिए 21 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि जोरदार बारिश के साथ ही बादल फटने की भी घटनाएं सामने आ सकती हैं। वहीं, मुंबई क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, कल यानी मंगलवार को बुलढाणा, वर्धा, वाशिम और यवतमाल में बारिश की संभावना है।




## संपादकीय / लेख



# विपक्षी एका का भविष्य.... !

**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

विपक्षी एकता को बल देने के लिए बेंगलुरु में होने जा रही बैठक में किन विषयों पर चर्चा होती है और मोदी हटाओ के अलावा क्या कोई सकारात्मक एजेंडा तैयार हो पाता है, इस पर सारे देश की दृष्टि होगी। जहां पटना में इसी तरह की बैठक में 16-17 दलों ने भागीदारी की थी, वहीं बेंगलुरु में 26 दल एकत्र हो रहे हैं। हालांकि ये जो नए दल बेंगलुरु में विपक्षी एकता को बल देने के लिए पहुंच रहे हैं, वे मुख्यत: दक्षिण भारत में सीमित असर रखने वाले ही हैं, लेकिन विपक्ष के पास यह दावा करने का अवसर तो होगा ही कि अब उसके साथ कहीं अधिक दल हैं। इसके बाद भी यह कहना कठिन है कि अगले आम चुनाव तक वे सभी एकजुट रह पाएंगे, क्योंकि उनमें इसे लेकर मंथन जारी है कि किस पाले में खड़े होने से लाभ होगा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी हाल तक जो नेता विपक्षी एकता की पैरवी कर रहे थे या फिर भाजपा से दूरी बनाए थे, उनमें से कुछ पाला बदल चुके हैं। इनमें प्रमुख हैं जीतनराम मांझी और ओमप्रकाश राजभर। आने वाले दिनों में ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि भाजपा भी अपने नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को विस्तार देने के लिए प्रयासरत है। उसने भी इसी सिलसिले में 18 जुलाई को बैठक बुलाई है। विपक्षी दलों की पटना बैठक को आयोजित हुए बहुत दिन नहीं हुए, लेकिन इस बीच विरोधी खेमे में काफी कुछ बदल चुका है। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा में विभाजन हो चुका है और विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार नीतीश कुमार अपने दल में टूट की आशंका से ग्रस्त दिखने लगे हैं। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोपपत्र दायर हो जाने के कारण भी नीतीश कुमार की कठिनाई बढ़ी है। एक अन्य घटनाक्रम के तहत कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को संतुष्ट करने के लिए दिल्ली सरकार को लेकर आए अध्यादेश का विरोध करने का फैसला ले लिया है। इसके बाद आप नेताओं ने बेंगलुरु जाने की हामी तो भर दी है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या दिल्ली और पंजाब कांग्रेस के नेता अपने नेतृत्व के फैसले को स्वीकार कर पाएंगे?

प्रश्न यह भी है कि क्या अब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में कांग्रेस पर अपने तीखे राजनीतिक हमले करने बंद कर देगी? इसी तरह एक प्रश्न यह भी है कि क्या बंगाल में कांग्रेस के नेता ममता बनर्जी के प्रति नरमी बरतने को तैयार होंगे? कांग्रेस को यह पहेली भी सुलझानी होगी कि क्या वह बंगाल में वाम दलों के साथ रहने और केरल में उनके विरोध में खड़े होने की अपनी विचित्र नीति पर चलती रहेगी? वास्तव में ये वे प्रश्न हैं, जो विपक्ष में व्याप्त अंतर्विरोध को ही दर्शाते हैं। इन्हें दूर करना आसान नहीं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पर्यटकों की मौत की खबरें... महाराष्ट्र और गोवा में पर्यटन स्थलों पर पाबंदी

**मुंबई :** मानसून में घूमने के लिए निकले पर्यटक कई बार हादसों का शिकार हो जाते हैं। पिछले कुछ सालों से महाराष्ट्र के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की मौत की कई खबरें सामने आ चुकी हैं, जिसे गंभीरता से लेते हुए इस बार महाराष्ट्र और गोवा में मानसूनी मजा पर बैन लगा दिया गया है। दोनों ही राज्यों के स्थानीय निकायों ने मानसून का आनंद लूटने के लिए पर्यटन स्थलों पर पहुंचने वालों के लिए पाबंदी लगा दी है।




लगातार बारिश के कारण महाराष्ट्र और गोवा में कई जिलों में मानसूनी झरने बहने लगे हैं। इसके चलते कई झरनों पर पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। इस बीच रायगड, ठाणे, पालघर में बारिश के कारण पर्यटकों की भीड़ दिखाई दे रही है तो वहीं बरसात में सफर के दौरान होनेवाली दुर्घटनाओं के साथ-साथ कुछ गुंडों द्वारा पर्यटकों को परेशान करने की घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे में हुड़दंगियों पर नकेल कसने के साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी पृष्ठभूमि में रायगड, ठाणे, पालघर में मानसूनी पर्यटन स्थलों पर धारा १४४ लागू कर दी गई है। इसलिए अब यहां कर्फ्यू रहेगा।

गोवा के प्रसिद्ध दूधसागर झरने में प्रवेश नहीं दिए जाने से रविवार सुबह यहां पड़ोसी राज्य कर्नाटक और महाराष्ट्र के हजारों पर्यटक फंस गए। ये सभी पर्यटक यशवंतपुर (बंगलुरु)-वास्को और निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेनों से जैसे ही रेलवे स्टेशन पर उतरे, उन्हें वन अधिकारियों ने वहां से आगे ही नहीं जाने दिया। इससे पर्यटक नाराज दिखे। अधिकारियों का कहना है कि गोवा में हो रही भारी बारिश ने झरनों को खतरनाक बना दिया है। बताया गया कि हाल ही में मैनापी झरने में डूबने से दो लोगों की हुई मौत के बाद वन विभाग ने जंगलों और यहां मौजूद झरनों के आस-पास जाने पर पाबंदी लगा दी गई।

रेलवे ने ट्रैकिंग और पर्यटकों से अनुरोध किया है कि अपने कोच के भीतर से दूधसागर झरने की सुंदरता का आनंद लें। पटरियों पर या उसके किनारे चलना न केवल आपकी अपनी सुरक्षा को खतरे में डालता है बल्कि रेलवे अधिनियम की धारा १४७, १५९ के तहत भी अपराध है। इससे ट्रेनों की सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। दूधसागर या ब्रैगेंजा घाट के किसी भी अन्य स्टेशन पर उतरना प्रतिबंधित है।

# मढ़ में समुद्र में बहे एक महिला सहित 5 बच्चे, सर्च ऑपरेशन शुरू



**महाराष्ट्र :** हाल ही में मुंबई के मलाड इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां मढ़ में 5 बच्चे समुद्र में बह गए हैं। ऐसे में सुबह करीब 10:30 बजे मुंबई फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी मिली। इन बच्चों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस घटना से सनसनी मच गई है।

**बच्चों के सामने ही महिला बह गई**

हाल ही में मुंबई के बांद्रा से भी एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। इसमें एक परिवार को समुद्र तट पर टहलने जाना काफी महंगा पड़ गया। रविवार की सुबह मुंबई के बांद्रा बैंडस्टैंड के पास ज्योति सोनार नाम की महिला अपने परिवार के साथ थी। इस बार वह समुद्र की लहरों में बह गयी। पति मुकेश और उनके तीन बच्चे इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को देख रहे थे। इस दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बात करते हुए पति मुकेश ने कहा, मैंने उसे बचाने की पूरी कोशिश की। जब चौथी लहर ने हमें पीछे से मारा तो मेरा संतुलन बिगड़ गया और हम दोनों गिर गये। मैंने अपनी पत्नी की साड़ी पकड़ ली और पास में मौजूद एक पर्यटक ने पीछे से मेरा पैर पकड़ लिया, लेकिन उसे बचा नहीं सका। मुकेश ने बताया कि उनका परिवार दो हफ्ते में एक बार यात्रा पर जाता था। फिलहाल इस घटना से सनसनी मची हुई है।

# पब में जमकर हुआ बवाल, छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट



**नागपुर :** अलंकरा टॉकीज चौक के सेंट्रल मॉल में स्थित लॉर्ड ऑफ ड्रिंक नामक पब में शनिवार देर रात महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर जमकर बवाल हुआ. महिलाओं के पति ने छेड़खानी का विरोध किया तो आरोपी युवकों ने मारपीट शुरू कर दी. लोगों को एकजुट होते देख आरोपी युवक भाग निकले. इस बीच आरोपी युवकों द्वारा पिस्तौल निकाले जाने की अफवाह फैलने से पुलिस भी हरकत में आ गई.

पुलिस ने एक महिला के पति की शिकायत पर आदर्श विजय ठाकरे, बादल प्रदीप पिल्लेवान, प्रतीक प्रदीप पिल्लेवान और आकाश राजू भजने के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार 2 व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ लॉर्ड ऑफ ड्रिंक गए थे. रात 1 बजे के दौरान आरोपी युवक महिलाओं को घूरते हुए अभद्र टिप्पणी करने लगे. पति ने उन्हें समझाने का प्रयास किया. कुछ देर शांत रहने के बाद आरोपी युवक दोबारा अभद्र हरकतें करने लगे.

एक और व्यक्ति ने भी युवकों का विरोध किया. आरोपी युवकों ने मारपीट शुरू कर दी. महिलाओं से जुड़ा मामला होने के कारण अन्य ग्राहक भी पीड़ित दंपति के समर्थन में खड़े हो गए. खुद को घिरता देख आरोपी युवक वहां से भाग निकले. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. बजाजनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार सुबह 4 आरोपियों को हिरासत में लिया. सूचनापत्र देकर उन्हें छोड़ा गया. पुलिस का कहना है कि पीड़ित व्यक्ति ने केवल हाथापाई की शिकायत की है.




# महाराष्ट्र के किसान को टमाटर ने बना दिया करोड़पति, एक महीने में कमाए 1.5 करोड़ रुपये



**पुणे :** टमाटर के बढ़े.हुए दाम ने किसानों के चेहरे पर खुशी बिखेर दी है। महाराष्ट्र में टमाटर की खेती करने वाले किसानों की बल्ले हो गई है। महाराष्ट्र के पुणे में टमाटर की खेती करने वाले एक किसान को भारी मुनाफा हुआ है। टमाटर ने किसान को एक महीने के भीतर करोड़पति बना दिया। पुणे में टमाटर की खेती करने वाले एक किसान ने इस साल अब तक ढाई करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की है। ईश्वर नाम के एक किसान ने बताया कि मैंने 12 एकड़ में टमाटर लगाया है, अभी तक मैंने इस साल 2.8 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस साल मुझे 3.5 करोड़ रुपए तक का फायदा होने की उम्मीद है। किसान परिवार पिछले महीने से अब तक 13 हजार कैरेट टमाटर की बिक्री कर चुका है। इस बिक्री से किसान ने महीने भर के भीतर सवा करोड़ (1.5) रुपये से अधिक की कमाई की है।

# NCP पर कब्जे के लिए चाचा-भतीजे में जंग तेज...

## शरद पवार ने अजित गुट के इन 12 विधायकों को भेजा नोटिस



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में भतीजे अजित पवार के विद्रोह से शरद पवार को बड़ा झटका लगा है। एनसीपी में बगावत की जंग अब पार्टी पर दावे तक पहुंच चुकी है। इसी कड़ी में अपने पहले प्रभावशाली कदम के रूप में शरद पवार ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक पहुंच बनाने के लिए एनसीपी के युवा कार्यकर्ताओं के साथ एक मैराथन बैठक की है. इस बैठक में एनसीपी चीफ ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा का पाठ पढ़ाया, जिसमें बीजेपी की ''विभाजनकारी राजनीति'' का विरोध करने पर जोर दिया गया.

### जितेंद्र आव्हाड ने जारी किया नोटिस

एनसीपी पर कब्जे की जंग नए स्तर पर पहुंचती दिख रही है. शरद पवार गुट के मुख्य सचेतक जितेंद्र आव्हाड ने अजित पवार गुट के साथ गए 12 विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. आव्हाड ने इन सभी विधायकों से 48 घंटे में जवाब मांगा है. दरअसल, ये सभी 12 विधायक शरद पवार की बैठक में नहीं आए थे. वे अजित पवार कैंप में दिखे थे. इससे पहले जितेंद्र आव्हाड ने अजित पवार के साथ मंत्रीपद की शपथ लेने वाले 8 विधायकों की सदस्यता खत्म करने की अर्जी महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी थी.

### कौन-कौन से 12 विधायकों को भेजा गया नोटिस?

जिन 12 विधायकों को नोटिस भेजा गया है उनमें सुनील शेल्के, दिलीप बनकर, नितिन पवार, दीपक चव्हाण, इंद्रनील नाइक, यशवंत माने, शेखर निकम, राजू कारेमोरे, मनोहर चंद्रिकापुरे, संग्राम जगताप, राजेश पाटिल और माणिकराव कोकाटे शामिल हैं. सभी 12 लोग अजित पवार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे. शरद पवार समूह ने पहले ही अजित सहित नौ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही शुरू कर दी है, जिन्होंने 2 जुलाई को मंत्री पद की शपथ ली थी.

# सेना के जवान पर रेप का मामला दर्ज, युवती को गर्भवती कर शादी से मुकरा...



**नागपुर :** न्यू कामठी पुलिस ने सेना के जवान के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है. एक युवती को उसने प्रेम जाल में फंसाया. शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा. उसके गर्भवती होने पर शादी से मुकर गया और मारपीट की. पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है लेकिन आरोपी जवान फरार है. 22 वर्षीय पीड़िता कामठी के एक अस्पताल में नर्स का काम करती है. आरोपी कामपुर, आसाम निवासी बिरेन अकान तिमुंग (32) बताया गया.

बिरेन कामठी सैन्य छावनी में कार्यरत है. जुलाई 2021 में उसकी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई. बिरेन ने पत्नी को अस्पताल में भर्ती किया. इस दौरान पीड़िता अस्पताल में काम करती थी. दोनों की पहचान हो गई. तरह-तरह के झांसे देकर बिरेन ने उसे अपने जाल में फंसाया. शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा. जब भी शादी के लिए कहती तो टालमटोल करता था. कुछ दिन पहले पीड़िता गर्भवती हो गई. उसने इस बारे में बिरेन को जानकारी दी और जल्द से जल्द विवाह करने को कहा. बिरेन शादी से साफ मुकर गया. दोनों के बीच विवाद हो गया. बिरेन ने गर्भ नष्ट करने के इरादे से पीड़िता के पेट पर मुक्के मारे. इस बारे में किसी को भी कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी. हिम्मत कर पीड़िता ने मामले की शिकायत न्यू कामठी पुलिस से की. उसके थाने पहुंचने की खबर लगते ही बिरेन नागपुर से फरार हो गया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस बिरेन की तलाश में जुट गई है.

# 18 जुलाई को विपक्ष की बैठक में शामिल होंगे शरद पवार, बेटी सुप्रिया सुले भी होगी साथ



**महाराष्ट्र :** केंद्र सरकार के खिलाफ आज बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक होने वाली है। आज होने वाली बैठक में एनसीपी प्रमुख शरद पवार शामिल नहीं होंगे। हालांकि, कल यानी 18 जुलाई को होने वाली बैठक में शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले शामिल होने वाले है। शरद पवार गुट वाले एनसीपी के प्रवक्ता महेश भारत तपासे इस बात की पुष्टि की है। महेश भारत तपासे ने ट्वीट करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शरद पवार और सुप्रिया सुले 17 जुलाई को नहीं बल्कि 18 जुलाई को होने वाली बैठक में शामिल होंगे। मालूम हो कि, इससे पहले 23 जून को विपक्ष की पहली बैठक पटना में हुए थी। इस बैठक में शरद पवार शामिल हुए थे। पहली बैठक में 15 दलों ने भाग लिया था। मालूम हो कि, शरद पवार बेंगलुरु की बजाय मुंबई में रहेंगे। शरद पवार पार्टी विधायकों से चर्चा करेंगे। आज से महाराष्ट्र के विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि शरद पवार आज नहीं बल्कि कल बेंगलुरु जाएंगे।

# तीन लाख से ज्यादा माल के साथ दो चोर धर दबोचे गए...

**वसई :** वालीव पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन द्वारा मोबाइल टावर में बेस कार्ड अन्य मुद्दे माल चोरी करने के मामले में दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया है और ३ लाख से अधिक का माल जप्त करते हुए ४ अपराधों की गुत्थी सुलझाने में सफलता अर्जित की है। यह कार्रवाई परिमंडल २ डीसीपी पोणीर्मा चौघुले श्रींगी व एसीपी विनायक नरले के मार्गदर्शन में वालीव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कैलास बर्वे व पो. नि.राहुलकुमार पाटील (गुन्हे) के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन के स.पो. नि.ज्ञानेश फडतरे की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि २९ मई २०२३ को वसई पूर्व के पूजा पैराडाइज बिल्डिंग के परिसर में मोबाइल टॉवर के शेल्टर रूम में बेस बैंड



कार्ड, जेनरेटर बैटरी और रेक्टी फायर यूनिट कुल ३,४८,००० रुपये का माल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर फरार हो गए। इस मामले मद शिकायतकर्ता द्वारा वालीव थाने में अज्ञात चोर के ऊपर केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने कलम ३७९ के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि,उक्त अपराध की जांच के क्रम में अपराध के तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त मुखबिर स प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी (१).अखिलेशकुमार रामचंद्र गुप्ता (२).जहीर इस्तीयाक खान उर्फ सलीम को हिरासत में लिया । हिरासत में लेकर जांच करने पर पता चला कि उसने उक्त अपराध किया है, उपरोक्त अपराध में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।गिरफ्तार आरोपियों से आगे पूछताछ करने पर पता चला कि वालीव पुलिस स्टेशन के रिकॉर्ड पर ३ और अपराध घटित हुए हैं। मोबाइल फोन टावर चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी के पास से बेस कार्ड, बैटरी, पॉ वर केबल वायर कुलमिलाकर ३,८३,००० रुपये का जप्त किया गया है। तथा ४ अपराधों (कलम ३७९ ) का खुलासा हुआ है।




# मुंबई के कुछ हिस्सों में हो रही है भारी बारिश, इन इलाकों में IMD का येलो अलर्ट



**मुंबई :** मुंबई के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह भारी बारिश हुई, लेकिन महानगर में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुंबई में मानसून पूरी तरह एक्टिव है और बारिश का सिलसिला जारी है। एक नागरिक अधिकारी ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुंबई केंद्र ने रविवार दोपहर अपने 'जिला पूर्वानुमान और चेतावनी' में सोमवार को शहर के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। महालक्ष्मी, बायकुला, मालाबार हिल, माटुंगा, सायन, बांद्रा, सांताक्रूज, अंधेरी और कुछ अन्य इलाकों में सुबह-सुबह भारी बारिश हुई, लेकिन सुबह 8 बजे के बाद बारिश की तीव्रता थोड़ी कम हुई।

# ओटीपी शेयरिंग घोटाला मामले में आईएसआई कनेक्शन, आरोपी को भुवनेश्वर से मुंबई लाएगी एटीएस



**मुंबई :** ओटीपी शेयरिंग घोटाला मामले में पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई कनेक्शन सामने आया है। इस मामले में मुंबई एटीएस ने जांच शुरू कर दी है। इसके लिए एटीएस की टीम भुवनेश्वर पुलिस द्वारा पुणे से गिरफ्तार युवक से पूछताछ करने के लिए भुवनेश्वर पहुंची है। मुंबई एटीएस टीम भुवनेश्वर स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) कार्यालय में पूछताछ की है। एटीएस आरोपी युवक द्वारा पाकिस्तानी एजेंटों के साथ साझा की गई जानकारी जुटाने में लगी है। साथ ही आरोपी को एटीएस हिरासत में लेने की कोशिश करेगी। कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड मिलने पर एटीएस आरोपी को लेकर मुंबई आएगी।

मिली जानकारी के अनुसार, भुवनेश्वर पुलिस ने २९ जून को अभिजीत संजय जांबूरे को पुणे से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर ले गई, जहां उसे रिमांड में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। सातारा जिले का रहने वाला अभिजीत सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय (आनंद-गुजरात) से ग्रेजुएट है। फिलहाल, पुणे में विप्रो कंपनी में काम कर रहा था। जांच में खुलासा हुआ है कि वह काफी समय से दो पाकिस्तानी सेना खुफिया अधिकारियों के साथ संपर्क में था। खुर्रम पाकिस्तान सेना का एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी है, जिसके एजेंटों का भारत में एक बड़ा नेटवर्क है। खुर्रम के निर्देशानुसार वह भारत में कार्यरत विभिन्न पीआईओ को पैसे ट्रांसफर करता था। अभिजीत ने कम से कम ७ पाकिस्तानी नागरिकों और १० नाइजीरियाई नागरिकों से भी व्हॉट्सऐप पर बात की थी। आगे की जांच जारी है। सूत्रों के अनुसार, इसकी भनक जांच एजेंसियों को होने पर उसे रडार पर रखा गया था। अभिजीत के खिलाफ पुख्ता सबूत मिलने के बाद ओडीशा के भुवनेश्वर स्पेशल टास्क फोर्स ने उसे पुणे से गिरफ्तार किया था। उसके पाकिस्तान कनेक्शन सामने आने के बाद अब मुंबई एटीएस ने भी जांच शुरू की है। एटीएस उसे हिरासत में लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची है। इस मामले में अब एटीएस उसे मुंबई लाकर उससे जुड़े नेटवर्क का पदार्फाश कर सकती है।

# मेट्रो सेवा... गंतव्य तक पहुंचने के मामले में लास्ट कनेक्टिविटी निराशाजनक!



**मुंबई :** जनवरी में जनता को दो नई मेट्रो लाइन का उपहार सौंपा गया। हालांकि, इतने समय बीत जाने के बाद यात्रियों को मेट्रो द्वारा प्रदान की जा रही सेवा की जांच-परख करने का उचित अवसर मिला है। लोगों द्वारा मुंबई मेट्रो की तेज, वातानुकूलित सुविधा तो काफी पसंद आई, लेकिन मेट्रो से लास्ट कनेक्टिविटी तक यात्रा में समान समय लग रहा है, जितना उन्हें अन्य साधनों से यात्रा करने में लगता था। मेट्रो सेवा उपयोग करते समय टिकट विंडो, स्वैछनिंग मशीन और स्टेशन से बाहर निकलने की कतार किसी के घर या ऑफिस यानी गंतव्य तक पहुंचने के मामले में लास्ट कनेक्टिविटी निराशाजनक है। नई मेट्रो लाइन २ए और ७ को चलाने वाली महामुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) के एक अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में मेट्रो लाइन २ए (लिंक रोड के साथ अंधेरी पश्चिम से दहिसर तक) और ७ (वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के साथ गुंडावली से दहिसर) पर २५३ सेवाएं चल रही हैं। पीक आवर के दौरान ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी ७.२८ मिनट और नॉन-पीक आवर के लिए १०.३० मिनट है। हालांकि, ये सेवाएं २३ रेक के साथ संचालित की जा रही हैं। शनिवार के दिन तकरीबन दोपहर १:३० बजे मेट्रो में कुछ टेक्निकल समस्या सामने आई थी, जिसकी वजह से अंधेरी-पाश्चिम की तरफ जाने वाले यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा था। इस दौरान कुछ देर के लिए यात्रियों को टिकट देने के लिए भी रोक कर रखा गया था। टिकट मिलने के बाद यात्रियों को पर २० मिनट तक का लंबा इंतजार प्लेटफॉर्म करना पड़ा, वह भी नॉन पीक आवर के दौरान। एक यात्री ने बताया कि ट्रेन आने के बाद भी बहुत देर तक दरवाजे खुले रहे, जिसकी वजह से यात्रा में काफी समय लगा।

# महाराष्ट्र शिक्षा के विभिन्न सूचकांक पर प्रगति कर रहा है : फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य शिक्षा के विभिन्न सूचकांक पर आगे बढ़ रहा है। उनका यह बयान तब आया है जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने केंद्रीय ग्रेडिंग सूचकांक के अनुसार राज्य के प्रदर्शन पर चिंता जतायी है। फडणवीस ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र शिक्षा के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर ग्रेडिंग सूचकांक में राज्य के प्रदर्शन पर चिंता जतायी है।

उन्होंने कहा, ''केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय ने प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक 2.0 जारी किया जो दिखाता है कि महाराष्ट्र दूसरे स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महाराष्ट्र शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में नाकाम हुआ है। इसके बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, ''मूल्यांकन प्रणाली में 10 ग्रेड का इस्तेमाल किया जाता है। पहले पांच ग्रेड में कोई राज्य नहीं है। पंजाब और चंडीगढ़ छठें ग्रेड में तथा महाराष्ट्र सातवें में है। इसका मतलब है कि असल में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है।

# संक्रामक बीमारियों के मामला तिगुनी गति से बढ़ा

**मुंबई :** वैश्विक महामारी कोरोना काल में स्टमक फ्लू के मामले तेजी से घटे थे, लेकिन अब यह तिगुनी रफ्तार से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, साल २०२० में मुंबई में २,५४९ लोग स्टमक फ्लू के शिकार हुए थे। इसके बाद साल २०२१ में बीमारी का ग्राफ बढ़ गया और एक साल में ३,११० मरीज सामने आए। लॉकडाउन पूरी तरह हटने के बाद स्टमक फ्लू के मरीजों की संख्या में फिर से वृद्धि हुई और साल २०२२ में यह बढ़कर ५,५३९ पर पहुंच गया। लेकिन इस वर्ष जनवरी से ८ जुलाई तक स्टमक फ्लू से पीड़ित लोगों की संख्या ८,१९५ तक पहुंच गई है।



स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, लॉकडाउन के दौरान बाहर का खानपान लगभग बंद था। हालांकि, लॉकडाउन के बाद कार्यालय और बाहर का खानपान फिर से खुल गया। इसलिए मामले फिर से बढ़ने लगे। मानसून में स्टमक फ्लू होने का खतरा अधिक होता है, इसलिए लोगों को उबला हुआ पानी ही पीना चाहिए। जेजे अस्पताल में गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. अजय भंडारवार के मुताबिक, ओपीडी में रोजाना स्टमक फ्लू के कई मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। हालांकि सबसे अच्छी बात यह है कि अस्पताल में भर्ती होनेवाले मरीजों की संख्या बहुत कम है। स्टमक फ्लू के मरीजों को भर्ती होने की नौबत उस समय आती है जब दस्त और उल्टी के कारण मरीज के शरीर में पानी की कमी हो जाती है।

मनपा में कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह के मुताबिक, दूषित खाना स्टमक फ्लू रोगियों के बढ़ने में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि रिपोर्टिंग प्रणाली में कई बदलाव किए गए हैं, जिस कारण स्टमक फ्लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियों के मामले अधिक संख्या में सामने आ रहे हैं। फिलहाल इस बीमारी से बचने के लिए लोग खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धोएं और उबला हुआ पानी पिएं। व्यक्तिगत सफाई बहुत जरूरी है।

उल्टी जैसा महसूस होना, उल्टी, दस्त, पेट में ऐंठन के साथ दर्द, पहले दो दिनों तक बुखार आदि इसके लक्षण हैं। बीमारी से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता रखनी चाहिए, अच्छे से पकाए हुए भोजन का सेवन करना चाहिए और उबला हुआ पानी पीना चाहिए। भोजन को ढककर रखना चाहिए और बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। जेजे अस्पताल में कार्यरत डॉ. अमोल बाघ के मुताबिक, मानसून के दौरान दूषित भोजन या पानी से स्टमक फ्लू होता है। उन्होंने कहा कि इसे नजरअंदाज करने पर यह लीवर, किडनी और अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है।



# मस्जिद में एंट्री बैन किए जाने के खिलाफ बॉम्बे HC पहुंचा मुस्लिम पक्ष...

## हिंदू समिति का दावा- मंदिर जैसी है बनावट



**महाराष्ट्र :** मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध के एक मामले में जुमा मस्जिद ट्रस्ट कमिटी ने बॉम्ब हाईकोर्ट का रुख किया है. महाराष्ट्र के जलगांव जिले की मस्जिद को लेकर एक विवाद पर कलेक्टर ने मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है. कलेक्टर ने जिस शिकायत पर यह फैसला सुनाया है, उसमें दावा किया गया कि मस्जिद की बनावट मंदिर जैसी है. अब कोर्ट इस मामले में 18 जुलाई को सुनवाई करेगा.

खबर के मुताबिक, ट्रस्ट के प्रमुख अलताफ खान ने अपनी याचिका में कलेक्टर के आदेश को पक्षपातपूर्ण और गैरकानूनी बताया है. याचिकाकर्ता ट्रस्ट के वकील एस.एस.काजी ने कहा कि 11 जुलाई को कलेक्टर ने मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध का आदेश सुनाते हुए एरनाडोल म्युनुसिपल काउंसिल के चीफ ऑफिसर को मस्जिद की चाबी सौंप दी थी. उनके आदेश के अनुसार, अब सिर्फ दो लोगों को ही वहां जाकर नमाज पढने की इजाजत है.

**क्या है पूरा मामला?**

याचिका के मुताबिक, एरनाडोल तालुका में पांडव संघर्ष समिति ने मई में इस संबंध में कलेक्टर के पास एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया कि स्मारक की बनावट मंदिर जैसी प्रतीत होती है इसलिए इससे मुस्लिम समुदाय का कब्जा खाली कराया जाना चाहिए. समिति की तरफ से स्मारक के ढांचे को गैरकानूनी बताते हुए इसे गिराने और यहां पर चल रहे मदरसे को बंद कराने की भी मांग की गई थी. इसके बाद कलेक्टर की तरफ से 14 जून को 27 जून के लिए सुनवाई की तारीख तय की गई, लेकिन कलेक्टर के व्यस्त होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी.

### ट्रस्ट ने क्यों दी कलेक्टर के आदेश को चुनौती?

याचिका में कहा गया कि बाद की तारीख पर ट्रस्ट ने शिकायत पर गौर करने और अपना जवाब दाखिल करने के लिए कलेक्टर से समय मांगा, लेकिन उन्हें इसके लिए समय नहीं दिया गया और जलगांव के कलेक्टर ने कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर के सेक्शन 144 और 145 के तहत 11 जुलाई को फैसला सुनाते हुए मस्जिद में प्रवेश पर बैन लगा दिया. ट्रस्ट ने कलेक्टर के आदेश को पक्षपातपूर्ण और गैरकानूनी बताते हुए कहा कि उसे अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया. याचिकाकर्ता ने इस आदेश को चुनौती देते हुए इसे खारिज करने की मांग की है.

# विभिन्न मामलों में यातायात विभाग की कार्रवाई,

## वसूला ३२ लाख से अधिक का जुर्माना



**वसई :** प्रहार जनशक्ति पार्टी द्वारा वसई-विरार शहर में अवैध रिक्शा चालकों के खिलाफ तीखा संघर्ष शुरू करने के बाद अब ट्रैफिक पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। वसई विरार शहर में कई रिक्शा चालक अक्सर बैच, प्रमाणपत्र, लाइसेंस, वर्दी और अन्य कानूनी मामलों और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। प्रहार जन शक्ति पार्टी के पालघर जिला अध्यक्ष हितेश जाधव ने मांग कि यातायात शाखा ऐसे लापरवाह रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करे। तदनुसार,यातायात शाखा, वसई ने सख्त कानूनी कार्रवाई की और अवैध रिक्शा चालकों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया। यातयात शाखा द्वारा १ जनवरी २०२३ से ३१ मई २०२३ तक मात्र ५ माह की अवधि में वसई-विरार शहर में ९,६५७ मामलों में अवैध रिक्शा चालकों से ३२ लाख २ हजार ३५० रुपये वसूले गए हैं। बिना बैच के २२ रिक्शा चालकों से ११ हजार रुपये, बिना लाइसेंस के ३३ रिक्शा चालकों से १ लाख ६५ हजार रुपये, बिना परमिट के २२ रिक्शा चालकों से २ लाख २० हजार रुपये, बिना वर्दी के ५८४ रिक्शा चालकों से ३ लाख ३५ हजार और अन्य में ८ हजार ९९६ रुपये वसूले गए, कुल २४ लाख ७० हजार, जानकारी सामने आई है कि यातायात शाखा ने कुल ३२ लाख से अधिक की रकम वसूली है।

# 'अब ये मत कहना कि सरकार गिर जाएगी, नहीं तो...'

## महाराष्ट्र मुख्यमंत्री शिंदे की विपक्ष को चेतावनी



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू होने वाला है. सत्र से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि किसी को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा. मानसून सत्र की पूर्वसंध्या पर चाय पार्टी का आयोजन किया गया था. इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मीडिया से बातचीत की. इसके बाद सीएम शिंदे ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा.

**सीएम शिंदे ने विपक्ष पर साधा निशाना**

सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, ''कुछ स्थानों पर बारिश हुई है. कुछ जगहों पर इसमें कमी आई है. छोटे पैमाने पर बुआई की गई है. प्रकृति की मार जारी है. उत्तर में बाढ़ है, जबकि हमारे यहां कम वर्षा होती है. लेकिन, सरकार किसान को अकेला नहीं छोड़ेगी. एकनाथ शिंदे ने आश्वासन दिया कि वह किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे. उन्होंने कहा, ''हर दिन मीडिया में दिखाया जाता है कि सरकार गिरेगी और जायेगी. एक साल पहले सरकार बनी थी. इसके बाद से ही कहा जा रहा है कि सरकार गिर जाएगी. लेकिन, सरकार और मजबूत होती गयी. एकनाथ शिंदे ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा है कि अब यह मत कहना कि सरकार गिर जाएगी, नहीं तो कुछ और होगा.

बता दें, महाराष्ट्र में एनसीपी के अंदर बगावत के बाद शरद पवार सत्ता (महाराष्ट्र सरकार) में शामिल हो गए हैं. आज महाराष्ट्र में विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू हो रहा है. डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ लेने के बाद अजित पवार NDA में शामिल हो गए हैं. इससे पहले वो विपक्ष में थे. अब अजित पवार के सामने कई चुनौतियां होंगी और उन्हें सदन के अंदर विरोध का भी सामना करना पड़ सकता है. आसार है कि दोनों सदन में हंगाने होंगे.

# आदित्य ठाकरे विधानसभा के बाहर कर रहे थे नारेबाजी,

## शिंदे मुस्कुराते हुए विधानसभा में हुए दाखिल



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के विधानमंडल में आज से मानसून का सत्र शुरू होने जा रहा है. इससे पहले विपक्ष ने राज्य सरकार को घेरने की तैयारियां शुरू कर दी है. आज सत्र की शुरूआत से पहले विपक्ष विधानसभा के बाहर नारेबाजी कर रहा था. इसके कुछ ही देर बाद उस रास्ते से महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे जाते हुए नजर आए. शिंदे ने एक बार नारेबाजी कर रहे नेताओं की तरफ देखा और मुस्कुराते हुए अंदर की तरफ चले गए. इस नारेबाजी में शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे समेत कई विधायक मौजूद थे.

**आदित्य ठाकरे ने क्या कहा?**

आदित्य ठाकरे ने ट्वीट कर लिखा, ''चलो, आखिरकार कैबिनेट विस्तार के 13 दिन बाद हिसाब-किताब का आवंटन हो ही गया... पहले 20, फिर 9. अब इतना सब कुछ होने के बाद क्या असली गद्दारों के लिए कुछ बचा है? न हिसाब, न सम्मान! शिंदे-बीजेपी ने 33 देशों को दिखा दिया कि उनकी असली कीमत क्या है! बधाई हो!''

**शिवसेना के मंत्रियों के पास कौन सा पद?**

**गुलाबराव पाटिल-** जल आपूर्ति और स्वच्छता

**दादाजी दगडू भुसे-** लोक निर्माण (लोक निर्माण)

**संजय दुलीचंद राठौड़-** मृदा और जल संरक्षण

**उदय रवीन्द्र सामंत-** उद्योग

प्रो. तानाजी जयवंत सावंत- लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण

**अब्दुल सत्तार-** अल्पसंख्यक विकास

**दीपक वसंतराव केसरकर-** स्कूल शिक्षा और मराठी भाषा

### उद्धव ठाकरे का शिंदे गुट पर निशाना

राज्य में शिवसेना बीजेपी और अजित पवार की एनसीपी की सरकार बन गई है. बीजेपी सरकार में अजित पवार का समर्थन मिलने के बाद शिवसेना को भी कैबिनेट में जगह मिल गई है. साथ ही कैबिनेट विस्तार में अजित पवार की पार्टी एनसीपी को अहम पद मिले हैं. इसलिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे की शिवसेना गुट के निशाने पर हैं. विधायक आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके विधायकों की आलोचना की है। उन्होंने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर हमला बोला है.



# सरकार ने बफर स्टॉक के लिए तीन लाख टन प्याज खरीदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 'बफर स्टॉक (भंडारण) के लिए 20 प्रतिशत अधिक यानी कुल तीन लाख टन प्याज खरीदा है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित सिंह ने रविवार को बताया कि सरकार प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के साथ काम कर रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 2.51 लाख टन प्याज रखा था। बफर स्टॉक कम आपूर्ति वाले मौसम में कीमतों को काबू में रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत रखा जाता है। सिंह ने कहा, त्योहारी सीजन में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने इस साल बफर स्टॉक में भारी बढ़ोतरी करते हुए तीन लाख टन प्याज खरीदा है। प्याज की कोई कमी नहीं है। बफर स्टॉक के लिए खरीदा गया प्याज हाल ही में समाप्त हुए रबी सत्र का है। फिलहाल, खरीफ के प्याज की बुवाई चल रही है और अक्टूबर में इसकी आवक शुरू हो जाती है। सचिव ने कहा, आमतौर पर, खुदरा बाजार में प्याज की कीमत 20 दिन के लिए या खरीफ फसल के बाजार में आने तक दबाव में रहती हैं लेकिन इस बार ऐसी कोई समस्या नहीं होगी। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय प्याज के संरक्षण के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग और 'बार्क के साथ प्रौद्योगिकी का भी परीक्षण कर रहा है। रोहित सिंह ने कहा, प्रायोगिक तौर पर हम महाराष्ट्र के लासलगांव में कोबाल्ट-60 से गामा विकिरण के जरिए 150 टन प्याज संरक्षण का प्रयोग कर रहे हैं। इससे प्याज को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 15 जुलाई को अखिल भारतीय स्तर पर प्याज का औसत खुदरा दाम 26.79 रुपए प्रति किलोग्राम था। इसका अधिकतम दाम 65 रुपए और न्यूनतम 10 रुपए प्रति किलोग्राम था।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख, एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुख और विदेशी कोषों के प्रवाह से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस समय स्थानीय शेयर बाजार अपने रिकॉर्ड स्तर पर हैं। विश्लेषकों का कहना है कि रुपए की चाल और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, ''वैश्विक बाजारों की दिशा, रुपए-से-डॉलर की विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का बाजार के कुल रुख पर असर पड़ेगा। घरेलू घटनाक्रमों के अलावा ये कारक भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि संस्थागत गतिविधियों का भी बाजार पर प्रभाव देखने को मिलेगा। इस सप्ताह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, अशोक लेलैंड, डीएलएफ, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान जिंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजे आने हैं। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, ''वैश्विक और घरेलू संकेतक, कंपनियों के तिमाही नतीजे, विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों का रुख, मानसून की प्रगति तथा कच्चे तेल के दाम इस सप्ताह बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 780.45 अंक या 1.19 प्रतिशत की बढ़त में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर 66,060.90 पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 66,159.79 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुक्रवार को अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर 19,564.50 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 19,595.35 के अपने नए उच्चस्तर तक गया। वैश्विक मोर्चे पर चीन सोमवार को अप्रैल-जून तिमाही के आर्थिक वृद्धि के आंकड़े जारी करेगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय बाजार में लिवाल बने हुए हैं। एफपीआई वित्तीय, वाहन, पूंजीगत सामान, रियल्टी और एफएमसीजी शेयरों में लगातार निवेश कर रहे हैं। एफपीआई की खरीदारी ने सेंसेक्स और निफ्टी को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में मदद की है।

# 5 से बढ़कर 17 पर पहुंचा रिन्यूएबल एनर्जी का शेयर, कंपनी को लगातार मिल रहा ऑर्डर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन देने वाली कंपनी सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी को एक के बाद एक बड़े ऑर्डर मिल रहे हैं। शुक्रवार को एनर्जी कंपनी को एक और बड़ा ऑर्डर गुजरात से मिला। दरअसल, सुजलॉन समूह को गुजरात में केपी ग्रुप से 47.6 मेगावॉट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। हालांकि, कंपनी ने सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को शेयर 17.70 रुपये पर बंद हुए हैं।

## क्या है डिटेल

यह परियोजना भड़ूच जिले के वागरा में स्थित है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस परियोजना के 2024 में चालू होने की उम्मीद है। इस आकार की परियोजना 36,000 घरों को रोशन कर सकती है और सालाना कॉर्बन उत्सर्जन में 1.42 लाख टन की कमी ला सकती है। सुजलॉन परियोजना के लिए S133 पवन टर्बाइन की आपूर्ति करेगी और परियोजना के क्रियान्वयन की निगरानी करेगी। साथ ही वह परियोजना को चालू भी करेगी। सुजलॉन समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे पी चलसानी ने कहा, ''इस परियोजना से उत्पादित बिजली की आपूर्ति वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) उपभोक्ता खंड को की जाएगी।'' सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड ने पिछले तीन वर्षों में -48.91 प्रतिशत के शुद्ध लाभ चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ 2849.01 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है।

## कंपनी के शेयर

बता दें कि सुजलॉन एनर्जी का शेयर पिछले साल में मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। सालभर में इस शेयर ने 204.12 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 5.82 रुपये से बढ़कर 17.70 रुपये तक पहुंच गई है। इस साल वायटीडी में यह शेयर 65.11 फीसदी उछल चुका है। ब्रोकरेज इस शेयर को लेकर बुलिश हैं। उनके मुताबिक, आने वाले दिनों में यह शेयर 22 रुपये तक पहुंच सकता है।

# आरबीआई और यूएई सेंट्रल बैंक ने लोकल करेंसी में कारोबार के लिए किया समझौता, रुपया- दिरहम में बढ़ेगा ट्रांजेक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई ने शनिवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के बीच हुए समझौते का मकसद भारतीय रुपए और संयुक्त अरब अमीरात के दिरहम में सीमा पार ट्रांजैक्शन्स बढ़ाना है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों एमओयू का उद्देश्य सीमा पार लेनदेन को बढ़ाना, पेमेंट्स को सुव्यवस्थित करना और दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान की उपस्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई के गवर्नर खालिद मोहम्मद बलामा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू का उद्देश्य एक लोकल करेंसी निपटान प्रणाली को लागू करना है जो करेंट अकाउंट ट्रांजैक्शन्स और परमिटेड कैपिटल अकाउंट ट्रांजैक्शन्स को कवर करता है। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी मुद्रा बाज़ार (फॉरेक्स मार्केट) बनाना, निवेश को सुविधाजनक बनाना और दोनों देशों के बीच रकम भेजने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लोकल करेंसी के उपयोग से लेनदेन लागत और ट्रांजैक्शन्स के सेटलमेंट टाइमिंग में सुधार आएगा। इसके साथ ही, श्व में रहने वाले भारतीय नागरिकों के स्वदेश भेजे जाने वाले धनप्रेषण में भी लाभ होगा। इसके अलावा, केंद्रीय बैंकों ने अपने फास्ट पेमेंट सिस्टम जैसे भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस और यूएई के इंस्टेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म के एकीकरण (इंटिग्रेशन) सहित विभिन्न पहलुओं पर सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई है। वे अपने पेमेंट मैसेजिंग सिस्टम, जैसे कि भारत के स्ट्रक्चर्ड फाइनैंशियल मैसेजिंग सिस्टम को यूएई के मैसेजिंग सिस्टम के साथ लिंक करने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। और इसी बीच दोनों देश कार्ड स्विचेज भी कनेक्ट करने पर राजी हुए हैं यानी दोनों देशों की केंद्रीय बैंकों ने रूपे और यूएईस्विच को कनेक्ट करने पर सहमति जताया है।

# राजवाड़ा पर अहिल्या माता प्रतिमा को माल्यार्पण, सुरजीतसिंह ने संभाला शहर कांग्रेस अध्यक्ष का पद

**इंदौर।** नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्?ढा ने आज सुबह 11 बजे पदभार ग्रहण कर लिया। वह विशाल रैली लेकर राजवाड़ा से कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता भी नजर आए। सुरजीत सिंह पदभार ग्रहण के बाद बाद गांधी भवन के जिस कक्ष में बैठेंगे, वहां की कुर्सी से लेकर पूरे कक्ष में बदलाव किया गया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सहित कांग्रेस के सभी पार्षद, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव, विधायक जीतू पटवारी, संजय शुक्ला, विशाल पटेल, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, ओम सिलावट, रवि दांगी, सज्जन सिंह वर्मा, राजेश चौकसे, पिंटू जोशी, स्वप्निल कोठारी, पूर्व शहर अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, अरुण यादव, विपिन वानखेड़े सहित कांग्रेस के अधिकतर नेता मौजूद हैं। राजबाडा से गांधी हाल कांग्रेस कार्यालय की दूरी लगभग 700 मीटर है। इतनी दूरी में ही सुरजीत के स्वागत में 11 मंच लगे हैं। यहां सुरजीत का जोर-शोर से स्वागत किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यालय को 4500 हज़ार बलून से सजाया गया है। एक मंच पर सभी



कांग्रेसी। इनमें शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल हैं।

एक मंच पर सभी कांग्रेसी। इनमें शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल हैं। रैली में भीतरघात और गुटबाजी वाली कांग्रेस एक जुट नजर आई। कांग्रेस के तीनों विधायक सहित सभी पार्षद और हारे हुए विधायक प्रत्याशी और पार्षद रैली में मौजूद रहे। वहीं बागडी का पुतला जलाने वाले बकलीवाल के समर्थक भी रैली में फूल उड़ाते हुए निकले। नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्?ढा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। वह अब कार्यालय में वास्तु अनुसार उत्तर दिशा की तरफ़ मुँह करके बैठेंगे। वही उनके बैठने के लिए नया कक्ष भी तैयार किया है। पहले जिस कमरे में बैठते थे उस कमरे में अब सुरजीत नहीं बैठेंगे। उनके लिए ग्रामीण अध्यक्ष सदाशिव यादव के पास एक नया कमरा तैयार किया गया है। पहले के अध्यक्ष गांधी भवन में सीधे हाथ की तरफ़ बने कमरे में बैठते थे लेकिन सुरजीत उल्टे हाथ की तरफ़ बने कमरे में बैठेंगे। सुरजीत कांग्रेस कार्यालय का नवीनीकरण अपने एक समर्थक वास्तुकार और पंडितों की सलाह पर करा रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार सुरजीत जिस जगह पर बैठेंगे उसका स्थान भी वास्तुकार के कहने पर बदला जा रहा है। सुरजीत कांग्रेस कार्यालय का नवीनीकरण अपने एक समर्थक वास्तुकार और पंडितों की सलाह पर करा रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार सुरजीत जिस जगह पर बैठेंगे उसका स्थान भी वास्तुकार के कहने पर बदला जा रहा है। कांग्रेस की रैली के कारण राजबाड़ा चौराहे से हरसिध्दि जाने वाला रास्ता बंद किया गया है। कांग्रेस की रैली के कारण राजबाड़ा चौराहे से हरसिध्दि जाने वाला रास्ता बंद किया गया है। गांधी भवन परिसर में बना कार्यालय तीन मंजिला है, जो बाहर से जर्जर नजर आता है। सीढ़ियां चढ़कर पहली मंजिल पर पहुंचते ही दाएं और बाएं ओर कमरे हैं। एक ओर शहर अध्यक्ष का तो दूसरी ओर जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव का कमरा है।

गांधी भवन परिसर में बना कार्यालय तीन मंजिला है, जो बाहर से जर्जर नजर आता है। सीढ़ियां चढ़कर पहली मंजिल पर पहुंचते ही दाएं और बाएं ओर कमरे हैं। एक ओर शहर अध्यक्ष का तो दूसरी ओर जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव का कमरा है।

इंदौर कांग्रेस को नया शहर अध्यक्ष मिलते ही कांग्रेस कार्यालय के दिन भी फिर गए हैं। 1 रूपए प्रति महीने किराए की बिल्डिंग में संचालित हो रहे कार्यालय में नवागत शहर अध्यक्ष के पदभार ग्रहण से पहले रंग रोगन और वास्तु का काम तेजी से चल रहा है। बताया जा रहा है कि नवागत अध्यक्ष अब पश्चिम की बजाय उत्तर की तरफ मुंह करके बैठेंगे। जर्जर बिल्डिंग में संचालित हो रहे कांग्रेस कार्यालय को 4 से 5 लाख खर्च कर वास्तु अनुसार रेनोवेट किया जा रहा है।

### इंदौर में महंगे टमाटरों के पीछे थोक व्यापारियों की मोनोपॉली

## पूरा माल उन्हीं का, मंडी से टमाटर उत्पादक किसान गायब

**इंदौर।** इंदौर सहित देशभर में टमाटर के भावों ने हाहाकार मचा रखा है। बारिश-तूफान के बाद दिल्ली की बाढ़ ने इन्हें और आसमान चढ़ा दिया है। यही नया कारण थोक व्यापारियों ने खेरची वालों को बताना शुरू कर दिया है। पर महंगे टमाटर की पड़ताल में जो नया कारण निकलकर आया है, वह चौंकाने वाला है। उसके पीछे की बड़ी वजह है थोक व्यापारियों की मोनोपॉली...। दैनिक भास्कर ने प्रदेश की सबसे बड़ी मंडी चोइथराम में तड़के 4 बजे शुरू होने वाली बोली की रिपोर्टिंग की तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। शनिवार तड़के मंडी में 9 गाड़ियों में टमाटर भरा था। एक भी ट्रक लोकल किसान का नहीं था। यानी मालवा-निमाड़ का एक भी किसान टमाटर नहीं बेच रहा है। जब हमने पूछताछ की तो पता चला कि सभी गाड़ियां महाराष्ट्र के नारायणगांव और संगममेर से आई थीं। एक और बात कि यह भी वहां के किसानों की नहीं थी। यह पूरा माल पहले से इंदौर के थोक व्यापारियों ने खरीद रखा था, सिर्फ ट्रांसपोर्टर के जरिए महाराष्ट्र से बुलवाया था। सुबह पांच बजते ही बोली शुरू हुई तो खराब माल 500 से 900 रुपए कैरेट बेचा जाने लगा। थोड़ा अच्छा माल 1800 से 2200 रुपए कैरेट खेरची व्यापारियों को बेचा गया। हर कैरेट में 25 किलो माल आता है, लेकिन



बेचने लायक 23 किलो के आसपास ही रहता है। इस हिसाब से खेरची व्यापारियों को ही यह टमाटर 80 से 90 रुपए प्रति किलो पड़े। व्यापारी कहते देखे गए कि बारिश, तूफान के अलावा पहाड़ी राज्यों के साथ राजधानी दिल्ली में आई बाढ़ भी भाव बढ़ने का बड़ा कारण है। दिलचस्प यह था कि बिचौलिए (दलाल) अपने मन मुताबिक बोली का बेसिक रेट शुरू करते हैं। महाराष्ट्र से 1500 से 1600 के भाव में आने वाला टमाटर नीलामी में 2200 से 2400 तक प्रति कैरेट नीलाम किया जा रहा था। तय भाव से अधिक की खरीदी कर खेरची व्यापारी अब उन सभी सब्जियों का रेट अपने मन मुताबिक जरूरत और जगह के अनुसार तय करते हैं। इससे थोक के भाव में जो टमाटर 60ङ्क80 किलो होता है, वो मार्केट में 120 से 150 किलो तक पहुंच रहा है। मंडी के एक टमाटर व्यापारी ने नाम न छापने के शर्त पर दैनिक भास्कर को बताया कि अभी इंदौर में टमाटर की आवक दो नंबर माल से हो रही है। अधिकांश होटल और ढाबों में खराब क्वालिटी और कम दाम वाले टमाटर पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि अच्छी क्वालिटी का माल 150 रुपए प्रति किलो से भी अधिक हो रहा है। सेकेंड कैटेगरी के माल और जल्दी खराब होने वाले माल की आवक अभी अधिक है।

## प्रिंसिपल ने स्टूडेंट्स को छड़ी से पीटा

**उज्जैन।** उज्जैन के ग्राम गोठड़ा के शासकीय विद्यालय का है। इसमें प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति बाला निगम माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को कतार में खड़ा कर छड़ी से पीटते हुए नजर आ रही हैं। बच्चों की पिटाई का कारण क्या रहा, इसका खुलासा नहीं हुआ। प्रभारी प्रधानाध्यापिका की आवाज आ रही है। वे बच्चों को खाना खाने के बाद चेतावनी दे रही हैं। एक अन्य टीचर बच्चों को बोल रही हैं कि आगे से ध्यान रखना 7वीं क्लास का बच्चा अब 6वीं क्लास में दिख मत जाना। घटना का सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायत हुई है। मामला 11 जुलाई का बताया जा रहा है। शनिवार को जनशिक्षक केएल सोलंकी स्कूल पहुंचे। सोलंकी ने बताया ड्ढद्धष्श्चह्न की जानकारी मिलने पर स्कूल पहुंचे, लेकिन जिस नाम से शिकायत हुई है, उन पालकों ने ऐसी कोई शिकायत करने से इनकार किया है। प्रधानाध्यापिका को समझाइश दी गई है।

### टीचर्स की पिटाई से 12 साल के छात्र की मौत

## पिता बोले-उल्टियां करते हुए घर आया था बेटा; चार दिन तक अस्पताल में भर्ती रहा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 8वीं के छात्र की टीचर्स की पिटाई से मौत हो गई। फोर्ट व्यू स्कूल में पढ़ने वाला 12 साल का छात्र 4 दिन से भर्ती था। रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। स्कूल बीजेपी नेता का है। पिता ने बताया कि होमवर्क कंपलीट नहीं होने पर टीचर ने उसे डंडे से पीटा। उमस भरी गर्मी में 30 मिनट तक मुर्गा बनाए रखा। छत से फेंकने की धमकी भी दी। पूरा घटनाक्रम बच्चे के बड़े भाई ने देखा। वह भी इसी स्कूल में पढ़ता है। बच्चे की मौत से नाराज परिजन ने स्कूल का घेराव कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर हंगामा शांत कराया। ग्वालियर शहर के बहोड़ापुर में रहने वाले कोकसिंह चौहान प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। उनके तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी, बेटा योगेश चौहान (14) और कृष्णा चौहान (12)। कोकसिंह के मुताबिक, छोटा बेटा कृष्णा घर में सबसे ज्यादा हंसमुख था। 12 जुलाई को स्कूल से घर लौटते समय उसे काफी उल्टियां हुईं। एक हाथ और पैर भी काम नहीं कर रहे थे। बड़ा बेटा योगेश इसी स्कूल में 9वीं में पढ़ता है। उसने बताया कि टीचर सोनू



श्रीवास्तव और अकबर खान ने कृष्णा को डंडे से पीटा। फिर मुर्गा बनाया। स्कूल मैनेजमेंट के कहने पर हम बच्चे को प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। हालात ज्यादा खराब हुई तो जयारोग्य अस्पताल लेकर पहुंचे। ट्रॉमा सेंटर में बेटे ने बेहोशी की हालत में दम तोड़ दिया। रविवार को छात्र की मौत पर परिवार ने फोर्ट व्यू स्कूल का घेराव कर दिया। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा देते हुए हंगामा शांत कराया। रविवार को छात्र की मौत पर परिवार ने फोर्ट व्यू स्कूल का घेराव कर दिया। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा देते हुए हंगामा शांत कराया। कोकसिंह चौहान ने बताया कि स्कूल में आठ महीने पहले भी इन्हीं टीचर्स ने मेरे बच्चे को बेरहमी से पीटा था। उसे चार दिन तक फीवर रहा था।

## बीच शहर में चाकू से नाबालिग की हत्या

**डबरा।** ग्वालियर के डबरा में एक 17 साल के नाबालिग की बीच नगर में चाकू से गोदकर हत्या कर दी। नाबालिग सुभाष गंज स्थित जिम से बाहर निकल रहा था, इस दौरान आरोपियों ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। दरअसल, डबरा के गंगा बाग क्षेत्र का निवासी लवदीप पुत्र बलदेव गिल (17) नगर के सुभाष क्षेत्र में किसी सुरेश खटीक की दुकान कार्य करता था। शनिवार शाम वह डबरा के पुराना गाड़ी अड्डा रोड स्थित सब्जी मंडी के पास संचालित जिम में गया था। जिम से नीचे उतरने के दौरान उस पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। फिलहाल जो कहानी निकल कर आ रही है उसके अनुसार, लवदीप सुरेश खटिक की मनिहारी की दुकान पर काम करता था। यहां एक महिला भी काम करती है। आरोपी सुनील जाटव यहां आता-जाता रहता था। यह बात लवदीप को पसंद नहीं थी। शनिवार की दोपहर भी सुनील दुकान पर गया था। इस दौरान लवदीप और सुनील का विवाद भी हुआ। शाम के समय जब लवदीप जिम में था। इस दौरान सुनील ने उसे फोन लगाया और जिम पर ही पहुंच गया। लवदीप के जिम के नीचे उतरते ही उस पर चाकू से वार कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल वारदात में कौन-कौन लोग शामिल है।

### इंदौर में 8 साल के बच्चे का धर्म परिवर्तन

## मां ने प्रेमी के साथ मिलकर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए;पिता बोला-जिहादी मानसिकता की शिक्षा दे रहे

**इंदौर।** इंदौर में 8 साल के मासूम का जबरन धर्म परिवर्तन और खतना करा दिया गया। बच्चे का नाम बदलकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र भी बनवाया गया। ये काम बच्चे की मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर किया। इससे पहले वह पति का घर छोड़कर प्रेमी के पास चली आई थी। बच्चे को जबरदस्ती अपने साथ ले आई थी। मामला खजराना थाना क्षेत्र का है। बच्चे के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इलियास कुरैशी के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन और धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर मामलों में केस दर्ज किया है। बच्चे के पिता का आरोप है कि बेटा जैन है, उसे जिहादी मानसिकता की शिक्षा दी जा रही है। खजराना थाना टीआई दिनेश वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसने फर्जी दस्तावेज कैसे और कहां बनवाए? रविवार को इलियास को कोर्ट में पेश किया जाएगा। बच्चे के पिता ने खजराना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी इलियास को गिरफ्तार किया। बच्चे के पिता ने खजराना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



जिसके बाद पुलिस ने आरोपी इलियास को गिरफ्तार किया। बच्चे के पिता ने पुलिस को बताया कि वह राजस्थान के बाड़मेर का रहने वाला है। वह अनाज का व्यापारी है। जून 2014 में उसकी शादी शाजापुर निवासी युवती से हुई थी। 2015 में उनके यहां बेटा हुआ। सब कुछ ठीक चल रहा था। 25 फरवरी 2018 को वह पत्नी और बेटे के साथ शाजापुर आया था। यहां एक सगाई अटैंड कर अपने गांव सिवाना लौट रहे थे, तभी पत्नी और बेटा ट्रेन से लापता हो गए। दोनों की गुमशुदगी रतलाम थाने में ही दर्ज करा दी थी। जांच के दौरान पता चला कि पत्नी इंदौर के रहने वाले इलियास कुरैशी के साथ गई है। पुलिस ने इलियास को रतलाम से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद इलियास ने फिर पत्नी से संपर्क किया और उसे अपने पास बुला लिया। बच्चे के पिता ने बताया- मैंने बेटे को अपने साथ ही रखने की बात कही, लेकिन पत्नी नहीं मानी और चली गई। मैं उन्हें ढूंढता रहा। काफी समय तक कुछ पता नहीं चला। शाजापुर कोर्ट में बेटे की अभिरक्षा को लेकर आवेदन दिया। पुलिस को उनका पता नहीं मिला, इस कारण वारंट तामील नहीं हो पाया। मैं बेटे को बाड़मेर, रतलाम, शाजापुर और इंदौर में तलाश करता रहा।







# अंडर आई फिलर से उर्फी जावेद का बिगड़ा चेहरा...

उर्फी जावेद आए दिन कुछ न कुछ अपने साथ ऐसा करती हैं, जिसके चलते वह मीडिया में चर्चा का विषय बन ही जाती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर अपनी दो फोटोज शेयर की है, जिसे देखने के बाद फैंस को होश उड़ गए हैं। खुद उर्फी भी अपनी इस हालत से परेशान हो रही हैं।

रोजाना एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर उनके फैशन और डार्क सर्कल को लेकर ट्रोल किया जाता है। इस ट्रोलिंग से परेशान होकर उन्होंने अपना डार्क सर्कल ट्रीटमेंट करवाया। ऐसे में उनका ये ट्रीटमेंट उनपर भी भारी पड़ गया। उर्फी ने डार्क सर्कल छुपाने के लिए आई फिलर करवाए, लेकिन ये करवाने के बाद उनकी आंखों के नीचे सूजन आ गई।

# रिलीज हुआ बवाल फिल्म का 'दिलों की डोरिया' गाने का टीजर...



बॉलीवुड स्टार्स वरुण धवन और जाह्नवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'बवाल' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी या ओटीटी पर धमाका करेगी, इसे लेकर चली तमाम ऊहापोह के बाद इसे ओटीटी पर रिलीज किए जाने का फैसला लिया गया।। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। इसके बाद अब तक दो गाने भी आउट हो चुके हैं। वहीं, अब फिल्म का तीसरा गाना दिलों की डोरियां भी आने वाला है। बवाल के ट्रेलर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद प्राइम वीडियो ने सोमवार तो इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के तीसरे गाने दिलों की डोरियां की अपडेट दी है। फिल्म के गाने के टीजर को जाह्नवी कपूर ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। बता दें कि बवाल का गाना दिलों की डोरियां एक वेडिंग सॉन्ग है, जिसमें वरुण और जाह्नवी की हल्दी से लेकर शादी तक, कई खूबसूरत रस्मों को एंजॉय करते हुए नजर आ रहे हैं। दिलों की डोरियां को तनिष्त बाग्ची, विशाल मिश्रा और जारा खान ने गाया है।

# एक-दूजे की आंखों में डूबे विक्की-कैटरीना

**16 जुलाई** को बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ 40 साल की हो गईं। इस मौके पर दुनियाभर के लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। विक्की कौशल ने भी अपनी वाइफ के लिए इंस्टाग्राम पर प्यार भरा पोस्ट किया। कैटरीना के बर्थडे पर विक्की ने उन पर ढेर सारा



प्यार लुटाया। विक्की ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वे कैटरीना के साथ समुद्र की लहरों के बीच नजर आए। फोटो में दोनों के बीच केमिस्ट्री और रोमांस देख फैन्स भी खुशी से झूम उठे।

बर्थडे से ठीक पहले कैटरीना कैफ और विक्की कौशल को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। फैन्स ने तभी से कयास लगाने शुरू कर दिए थे कि दोनों बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। वहीं अब विक्की ने फोटो शेयर करते हुए कैटरीना के लिए एक बहुत ही प्यारा पोस्ट लिखा है। तस्वीरों में कैटरीना ऑरेंज वन पीस में कमाल की लग रही हैं। विक्की ने दो फोटो शेयर की है। पहली फोटो में दोनों एक दूसरे को प्यार से देख रहे हैं, जबकि दूसरी में कैट नीचे की तरफ देख पोज दे रही हैं।

# रतन ने बयां किया कास्टिंग काउच का दर्द



**टीवी** की दुनिया में लाली के नाम से मशहूर रतन राजपूत आज भी खूब एक्टिव रहती हैं। सोशल साइट पर लोगों से, अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं। हाल में ही उन्होंने अपने साथ मुंबई में शुरुआती दिनों के दौरान हुए कास्टिंग काउच के हादसे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक बड़े कद के डायरेक्टर ने उनका फायदा उठाने की कोशिश की पर वह बच निकलीं।

अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो की एक्ट्रेस रतन ने कहा, "कास्टिंग काउच को मैं नीयत बोलूंगी। इंडस्ट्री के बारे में अब इसकी बात करना जरूरी है। यूट्यूब पर हूं मैं, मुझे बहुत मेल आते हैं। मैं चाहती हूं कि यंग जेनरेशन को सच पता होना चाहिए। इंडस्ट्री में चार लोग ऐसे हैं तो इसका मतलब ये नहीं कि पूरी इंडस्ट्री खराब है। इस पर बात करना जरूरी है। हर कोई ऐसा नहीं है। इसलिए मैं इस पर बात कर रही हूं। सिर्फ बुरा नहीं है।"
एक्ट्रेस ने कहा- "मैं जब नई-नई थी (मुंबई में), ओशिवारा में एक रेस्टोरेंट है। यहीं पर मेरा ऑडिशन था। यहां डायरेक्टर बड़ा फेस था। पर उस डायरेक्टर ने ऑडिशन नहीं लिया। को-ऑर्डिनेटर ने मेरा ऑडिशन लिया और उसने कहा कि आपका हो जाएगा। डायरेक्टर सर को आपका ही पसंद आएगा। फिर एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे कहा गया- स्क्रिप्ट ले लीजिए, फिर ऊपर गए हम लोग वहां रेस्टोरेंट पर। वहां मुझे कोल्डड्रिंक दिया गया। हालांकि, हम छाता, पानी की बोतल सब लेकर साथ चलते थे लेकिन फिर भी मैंने कोल्डड्रिंक्स पी लिया। फिर मुझे कहा गया कि तुम्हारा सेकंड राउंड होगा।"
रतन राजपूत ने आगे कहा- "मैंने अपनी दोस्त से कहा कि मुझे लग रहा है कि कोल्डड्रिंक्स में कुछ मिला हुआ है। 40 मिनट के बाद मैं बहकी हुई थी, खुद पर कंट्रोल खो रही थी। फिर फोन आया कि आप सेकंड राउंड के लिए आ जाइए। मुझे लगा कि हो सकता है ये वो मौका हो इसलिए मैं गई, क्योंकि लोग कहते हैं कि ऐसा हो तो नहीं जाना चाहिए। मैंने राजू दादा, मेरी दोस्त को फोन किया, वो साथ थे। जो एड्रेस मिला मैं वहां गई, अजीब से जगह थी। वहां घुसते ही अजीब से बदबू मिली। अफसोस है कि मैं उस लड़की के लिए कुछ नहीं कर पाई जो वहां से निकल रही थी।"
"लड़की वहां नशे में पड़ी थी, जो होना था उसके साथ हो गया था। वहां जो बंदा आया उसने मेरी क्लास लगाई। कहा ब्वॉयफ्रेंड के साथ आई हो, मैं स्क्रिप्ट के हिसाब से नहीं चली। मैंने कहा कि मेरा भाई है। वहां से किसी तरह से निकले।

# आमिर ने शमिता संग डेटिंग की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी



**टीवी के जाने माने अभिनेता आमिर अली अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सुर्खियों में रहते हैं। 'एफ.आई.आर', 'दिल्ली वाली ठाकुर गर्ल्स', 'सरोजिनी- एक नई पहल' जैसे शो में अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों पर राज करने वाले आमिर ने अब बॉलीवुड एक्ट्रेस और रियलिटी शो बिग बॉस का हिस्सा रहीं शमिता शेट्टी के साथ अपनी डेटिंग की अफवाहों को लेकर चुप्पी तोड़ी है।**



जी हां, कुछ महीने पहले उन्हें अभिनेत्री के साथ कई बार स्पॉट किया गया था, जिसके बाद उनकी अफेयर की अफवाहें उड़ने लगी थीं। वहीं, अब एक्टर ने इन रुमर्स पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि जब भी मैं किसी के साथ बाहर जाता हूं तो मेरी लिंक अप स्टोरीज आने लगती हैं। मैं सिंगल हूं इसका मतलब यह नहीं कि आप मुझे सभी से जोड़ देंगे। मुझे याद है कि मैं अपने कुछ दोस्तों के साथ डिनर के लिए गया था और उसी रेस्टोरेंट में इंडियन टीम किसी का बर्थडे सेलिब्रेट कर रही थी। उस दौरान मेरी एक फीमेल फ्रेंड आई या वह जा रही थी और मैं बस उसे छोड़ने गया होगा और फिर अचानक अगले दिन मेरे दोस्त ने मुझे फोन किया और बताया कि मैंने सुना है कि तुम उसे डेट कर रहे हो और उसने मुझे यूट्यूब लिंक भी भेजा।

उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ इसलिए कि मैं सिंगल हूं तो मैं किसी को डेट नहीं कर रहा हूं। प्रेस मुझे देखती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है क्योंकि मैं सिंगल हूं। पहले मुझे मां से डर लगता था, लेकिन अब वह मेरे बच्चे की तरह हैं और मुझे उनका ख्याल रखना है। मैं और शमिता फिल्में देखते थे लेकिन अब हमने ऐसा करना बंद कर दिया है। हम अभी भी दोस्त हैं लेकिन हम कहीं बाहर नहीं जाते हैं। अब मैं ज्यादा नहीं सोचता क्योंकि अगर मैं ऐसा करता हूं तो मैं लाइफ नहीं जी पाउंगा।

# सेलिना जेटली को याद आए संघर्ष के दिन

**सेलिना** जेटली ने हिंदी सिनेमा में काफी समय तक काम किया है, लेकिन पिछले काफी साल से वह सिनेमा की दुनिया में नजर नहीं आई हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी फैशन जर्नी के बारे में बात की है। अभिनेत्री ने बताया कि कई बार कड़ी मेहनत करने के बाद भी उनको पैसा नहीं मिलता था। इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर लंबा-चौड़ा पोस्ट भी साझा किया है।



सेलिना जेटली ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं बहुत कम उम्र (15 साल) में फैशन इंडस्ट्री में आई। कोलकाता में एक नई और उभरती हुई फैशन इंडस्ट्री में मुझे जो स्ट्रगल करना पड़ा वह आसान नहीं था। पढ़ाई के दबाव ने मेरी पूरी टीनएज को कड़ी मेहनत की जर्नी बना दिया था। मुझे एक्ने हो गए थे और मैं एंडोमेट्रिओसिस से भी पीड़ित थी। मुझे लगभग हर महीने पीरियड्स के दौरान खून की कमी के चलते अस्पताल में भर्ती होना पड़ता था, यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था।'

सेलिना जेटली आगे लिखती हैं, एक तरफ जहां लोग अपनी छुट्टियों का मजा लेते थे तो मैं शूट या फिर रैंप वॉक पर काम करती थी। उस वक्त मैं बहुत कम पैसे पर काम करती थी। उस वक्त मुझे कड़ी मेहनत करनी होती थी और कई बार तो कड़ी मेहनत के लिए मुझे फीस भी नहीं मिलती थी। फिर लगातार आलोचना और रिजेक्शन मिलता रहा। उस वक्त या तो मैं बहुत गोरी थी, बहुत पतली थी, या तो पर्याप्त लंबी नहीं थी या फिर बहुत लंबी थी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani